# एडवांस स्तर के बच्चों के साथ उन्नीसवें सप्ताह में की जाने वाली गतिविधियाँ

**लक्ष्य :– परिचित पाठ, पात्रों, शीर्षक, घटना एवं चित्र पर अपने अनुभव को जोड़ते हुए समझ के साथ लिखित रूप में अभिव्यक्त कर सकें।**

**सप्ताह–19**

| विषयवस्तु | समय | पहला दिन | दूसरा दिन | तीसरा दिन | चौथा दिन | पाँचवाँ दिन | छठा दिन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीखने की तैयारी के लिए गतिविधि | 05 मिनट | **बच्चों के साथ हाव–भाव से कविता गाएँ।** बच्चों के साथ मोर है मेरा नाम रे... कविता हाव–भाव से गाएँ। | कुछ बच्चों से पूर्व में की गई गीत/कविता करवाने के लिए प्रेरित करें और उन्हें करने के लिए कहें। | **बच्चों के साथ हाव–भाव से कविता गाएँ।** छोटे मामा जी के घर एक मोटी–सी बिलैया रे... कविता हाव–भाव से गाएँ। | **बच्चों के साथ हाव–भाव से कविता गाएँ।** हइया हो हइया हो , पानी में तैरे देखो छोटी–सी नइया। चम्पू चलाना तुम धीरे से भइया , धीरे–धीरे जाए देखो छोटी–सी नइया। | शिक्षक कोई एक गतिविधि दीक्षा एप्प से अपने मोबाइल पर प्ले करें, सभी बच्चे उस गतिविधि को देखकर करने का प्रयास करें। | पुनरावृत्ति और रोल प्ले एवं चित्र कला। |
| बातचीत | 10 मिनट | **किताब** की कहानी को मज़ेदार तरीके से सुनाएँ। | नील शब्द से आप क्या समझते हैं? इस विषय पर बच्चों से चर्चा करें और उन्हें ज़्यादा–से–ज़्यादा बोलने का मौक़ा दें। | प्रत्येक बच्चे को ऐसा मजेदार वाक्य बोलने के लिए कहें जिसे सुनकर सभी हंस पड़े। चीटीं ने फूंक मारी हाथी उड़ गया। | मदद का मतलब क्या हे और हमें कब–कब किसकी मदद करनी चाहिए और क्यों? | चित्र कार्ड पर चर्चा करें। बच्चों को ज़्यादा–से–ज़्यादा बोलने का मौक़ा दें। | |
| कहानी सम्बंधित गतिविधियाँ | 20 मिनट | **नील के दाता** कहानी के शीर्षक पर चर्चा करें। बच्चों को ज़्यादा–से–ज़्यादा बोलने का मौक़ा दें। बच्चों द्वारा हाव–भाव से कहानी पढ़कर सुनाने के लिए कहें। कहानी को बच्चे ग्रुप में पढ़ने का अभ्यास करें। | कहानी पर प्रश्न बनाए और एक दूसरे से पूछे। कहानी पर रोल प्ले की तैयारी करने के लिए कहें। | कहानी पर रोल प्ले को प्रस्तुत करने को कहें। रोल प्ले पर फीडबैक जरूर दें। | **सो जा टिंकू** बच्चों द्वारा हाव–भाव से कहानी पढ़कर सुनाने के लिए कहें। कहानी को बच्चे ग्रुप में पढ़ने का अभ्यास करें। | कहानी पर प्रश्न बनाए और एक दूसरे से पूछे। रोल प्ले की तैयारी करने के लिए कहें। | |
| शब्द भण्डार के खेल | 10 मिनट | कहानी से मज़ेदार शब्दों को ढूँढकर निकाले। किताब की कहानियों को पढ़ने के लिए भी कहें। | माइंड मैप– **नील** शब्द सुनकर आपके मन में जो शब्द आ रहे हैं, उनको कॉपी/बोर्ड पर लिखने एवं शब्दों से वाक्य बनाने के लिए कहें। | कहानी से पुलिंग शब्दों को ढूढकर निकाले और उनके स्त्रीलिंग शब्द लिखें। | ढाबा खोलने के लिए किन–किन चीजों की जरूरत होगी किताब की कहानियों को पढ़ने के लिए भी कहें। | आगे–पीछे जैसे अन्य शब्दों की सूची बनाकर लिखें। | |
| लेखन | 15 मिनट | बच्चों को आज पढ़ी गई कहानी को अपने शब्दों में लिखने के लिए कहें। | माइंड मैप में आए कुछ शब्दों का इस्तेमाल करके कहानी लिखने के लिए कहें। | राजू खेल रहा था तभी उसके पांव में चोट लग गई। मीना ने माँ को आवाज लगाई..... आगे क्या हुआ होगा। सोचकर कहानी लिखें। | इस कहानी से आपको क्या समझ आया। अपने शब्दों में लिखें पुनः पढ़े और त्रुटियों को ठीक करें। | अगले दिन होने वाले रोल प्ले के सवाल लिखने के लिए कहें। | |